AMAR UJJALA, LUCKNOW
Wednesday, November 10, 2010

इंटरनेट नॉलेज में राजधानी के बच्चे आगे

16 को टीसीएस की आईटी क्विज में जुटेंगे यूपी और उत्तराखंड के एक हजार नौनिहाल

लखनऊ। राजधानी के बच्चों के इंटरनेट ज्ञान को भारत में तीसरे नंबर पर आंका गया है। लखनऊ से आगे सिर्फ कोलकाता और बंगलूरू के ही बच्चे हैं। टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की पिछली आईटी क्विज के परिणामों में यह तथ्य सामने आया है। इस प्रतिभा को एक बार फिर परखने के लिए टीसीएस आईटी क्विज का आयोजन 16 नवंबर को गोमती नगर के संत गाडगे जी महाराज ऑडिटोरियम में होगा। इसमें उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के एक हजार स्कूली बच्चों के भाग लेने की संभावना है।

टीसीएस के हेड जयंत कृष्णा ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में बताया कि क्विज लगातार छठी बार लखनऊ में आयोजित की जा रही है। सुबह से शुरू होने वाली प्रतियोगिता का फाइनल राउंड दोपहर करीब 1:00 बजे होगा, जिसमें छह स्कूलों की टीमें भाग लेंगी। विख्यात क्विज मास्टर गिरि बालासुब्रमण्यम (पिकब्रेन) प्रतियोगिता का संचालन करेंगे। प्रविष्टि के लिए छात्र 12 नवंबर तक संकल्प शर्मा, टीसीएस आईटी क्विज समन्वयक टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज, अवध पार्क विभूति खंड में संपर्क कर सकते हैं। वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यू टीसीएस क्विज डॉटकॉम पर भी आवेदन किया जा सकता है। कांटेस्ट के मुख्य अतिथि मुख्य सचिव अतुल कुमार गुप्ता और विशिष्ट अतिथि जीबीटीयू के कुलपति डा. कृपा शंकर शुक्ल होंगे।

विजेता टीम के दोनों सदस्यों को एक-एक लैपटॉप, और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को नेटबुक दी जाएगी। इसके अलावा अन्य पुरस्कार भी दिए जाएंगे।